Title: Need to develop a Commercial Complex at surplus land at Mau Railway Junction, Uttar Pradesh.

श्री बालकृण चौहान (घोसी) : महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र घोसी के अन्तर्गत जिला मुख्यालय मऊ जंक्शन (उ.प्र) की अनुपयोगी रेल भूमि की ओर दिलाना चाहता हूं। पूर्वोत्तर रेलवे के मऊ जंक्शन का परिसर काफी विस्तृत है। यहां भाप इंजनों का बहुत बड़े क्षेत्रफल में लोकोशेड एवं यार्ड जो भाप इंजनों के प्रचलन के बंद हो जाने से अनुपयोगी खाली पड़ा है।

उक्त परिसर मऊ शहर के बीच में होने से व्यावसायिक उपयोग क लिए काफी लाभदायक है। वहां के बेरोजगार नवयुवकों एवं व्यवसायियों की उक्त परिसर को व्या वसायिक उपयोग में लाने हेतु वार्ों से मांग है।

अत: मैं सरकार से मांग करता हूं कि पूर्वोत्तर रेलवे के मऊ जंक्शन की अनुपयोगी भूमि पर व्यावसायिक काम्पलेक्स विकसित करें।